हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने किया पदभार ग्रहण, निगम मुख्यालय में ली रिव्यू मीटिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण में जनसहभागिता से करें काम - आयुक्त अरुण हसीजा

जयपुर। नगर निगम जयपुर हेरिटेज के आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर पदभार ग्रहण करने के बाद समीक्षा बैठक की। इस दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने हेरिटेज निगम के सभी अधिकारियों से निगम के कामकाज की चर्चा की। बैठक में आयुक्त अरुण हसीजा ने स्वच्छता अभियान को लेकर सभी अधिकारियों को एकजुटता से कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छता अभियान में आमजन को भी जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में सभी शाखाओं के अधिकारियों से कार्य की प्रगति की रिपोर्ट ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम क्षेत्र से ओपन कचरा डिपो हटाने और डोर टू डोर कचरा प्रबंधन को बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयुक्त अरुण हसीजा ने निगम के राजस्व को बढ़ाने को लेकर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्मिकों की हाजिरी फेस स्कैनर से ही की जाएं । उन्होंने इस संबंध में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड के हाजिरीगाह में स्वच्छता कर्मियों की आने जाने की हाजिरी फेस स्कैनर से ही की जाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर को स्वच्छ बनाने का जिम्मा हमारे स्वच्छता प्रहरियों का है। ऐसे में उनके काम की प्रशंसा होनी चाहिए। अब से फेस स्कैनर के जरिए ही ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, सतर्कता उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, चारों जोन उपायुक्त के अलावा सभी शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

आमजन को समस्याओं का निस्तारण जोन उपायुक्त स्तर पर हों

साथ बैठक के दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी जोन उपायुक्त को निर्देश दिए कि आमजन को समस्याओं का समाधान जोन स्तर पर ही हों। वे अपनी हर समस्या के लिए निगम मुख्यालय नहीं आएं। उन्होंने जोन उपायुक्त के पॉवर बढ़ाने के भी निर्देश दिए। आयुक्त हसीजा ने बताया कि आमजन की अधिकतर समस्या जोन स्तर की ही आती है। बिल्डिंग निर्माण अनुमति, राजस्व कार्य समेत कई कार्य जोन कार्यालय में ही किए जाते है। ऐसे में जोन उपायुक्त आमजन की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कर राहत प्रदान करें। साथ ही कहा कि शहर के सफाई की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त वार्ड इंचार्ज सप्ताह में दो बार निरीक्षण करें ।उन्होंने बताया कि

प्रत्येक दो वार्ड में एक वार्ड इंचार्ज नियुक्त है। ऐसे में वार्ड स्वच्छ रहे, इसके लिए दिन और रात में दो बार वे वार्ड का निरीक्षण करें।

निगम मुख्यालय का किया निरीक्षण, आमजन से भी लिया फीडबैक

इससे पहले आयुक्त अरुण हसीजा ने हेरिटेज निगम पदभार ग्रहण के बाद हेरिटेज निगम मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं के अधिकारियों से कामकाज के बारे में जानकारी ली। आयुक्त ने निगम की हेल्पलाइन में भी जाकर आए हुए आमजन से निगम अधिकारियों के काम का फीडबैक भी लिया। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव सहित अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम जयपुर हैरिटेज